## मुख्य समाचार

- **केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने विपक्ष पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के पीछे लगाया राजनीतिक स्वार्थ का आरोप।**
- **सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए जारी किए दिशा–निर्देश।**
- **उपमुख्यमंत्री ने डलहौजी में 96 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।**
- **लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पंचायत चुनाव में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर योग्य प्रतिनिधि चुनने का किया आहवान।**

## जितेंद्र सिंह

केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने का काम किया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों से महिला आरक्षण की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी इसे लागू करने का साहस नहीं दिखाया। जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस में महिलाओं को योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि परिवारवाद के आधार पर सीमित स्थान मिलता है जबकि भाजपा में मैरिट के आधार पर महिलाओं को आगे बढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि ये बिल भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री के विज़न का हिस्सा है जिसे पारित होने से रोक कर कांग्रेस ने देश की महिलाओं के साथ धोखा किया है।

डाक्टर जितेन्द्र सिंह ने उम्मीद जताई की देश की महिलाएं इस मुद्दे को लेकर जागरूक हैं और आने वाले समय में ये एक बड़े जन–आंदोलन का रूप लेगा। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति अपने अधिकारों के प्रति सजग है और वह किसी भी प्रकार के राजनीतिक छल को स्वीकार नहीं करेगी।

## सरोज पांडे

दूसरी ओर पत्रकारों से बातचीत में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ठोस नीतियां बनाई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हर बार महिलाओं के अधिकारों को टालने और रोकने का काम किया है। सरोज पांडे ने कहा कि देश की महिलाएं इस अंतर को समझती है और आने वाले समय में इसका लोकतांत्रिक जवाब दिया जाएगा। पत्रकार सम्मेलन के दौरान विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा

सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने कहा कि प्रशासनिक चूक या बुनियादी ढांचे की कमी के कारण एक्सप्रेस–वे खतरे का गलियारा नहीं बनना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि भारत के कुल सड़क नेटवर्क में राष्ट्रीय राजमार्गों का हिस्सा केवल दो प्रतिशत है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में इनका हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत है। न्यायालय ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राजमार्गों पर सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया है।

**न्यायालय**

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने आज मंडी जिले के करसोग में अतिरिक्त न्यायालय परिसर का शुभारंभ किया। इस न्यायालय परिसर के निर्माण पर करीब साढ़े 6 करोड़ रूपए की राशि खर्च हुई है। उन्होंने कहा कि इस न्यायालय परिसर का शुभारंभ होना करसोग क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं वाले इस परिसर में आम लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज चंबा ज़िले के डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग की करीब 96 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में आधुनिक व सुदृढ़ पेयजल सहित स्वच्छता ढांचा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। अग्निहोत्री ने कहा कि डलहौजी शहर में पर्यटन की दृष्टि से भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जलशक्ति विभाग की तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर कार्य जारी है। इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने ऊना ज़िले में स्वां नदी पर 37 करोड़ रुपये से बनने वाले डबल लेन पुल की भी आधारशिला रखी।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पंचायत चुनावों में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर योग्य उम्मीद्वार चुनने का आह्वान किया है। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में आज टुटू–क्यार सड़क के शिलान्यास अवसर पर उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय नेतृत्व सक्षम और योग्य होगा तो इसका लाभ संबंधित क्षेत्र को ही मिलेगा। विकास कार्यों की चर्चा करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि राज्य में सड़कों के निर्माण पर 6 हजार करोड़ रूपए की राशि खर्च की जा रही है।

**ई–ऑफिस**

राज्य सरकार के प्रयासों से जलशक्ति विभाग के एक सौ एक कार्यालय ई–ऑफिस प्लेटफार्म से जुड़ गए हैं। ये पहल विभाग को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और दक्ष बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के अनुसार विभाग ने तय समय सीमा के भीतर डिजिटल बनने का लक्ष्य हासिल किया है। विभाग के सचिव अभिषेक जैन ने बताया कि इस डिज़िटल परिवर्तन से समयबद्ध कार्य निष्पादन, पारदर्शिता और फाईलों की रियल टाईम निगरानी संभव हुई है।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता सिकंदर कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कल शाम दिए संबोधन को नारी शक्ति के प्रति अटूट संकल्प का प्रतीक बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि ये संबोधन स्पष्ट करता है कि केन्द्र सरकार देश की नारी शक्ति को उनका हक दिलाने के लिए कितनी गंभीर है। सिकंदर कुमार ने प्रधानमंत्री की बात को दोहराते हुए कहा कि ये एक विधेयक की हार नहीं बल्कि विपक्ष ने महिलाओं के राजनैतिक भविष्य की भ्रूण हत्या करने का प्रयास किया है।

**परशुराम जयंती**

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आज देश सहित प्रदेश में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा जिले में भटियात विधानसभा क्षेत्र के गरनोटा में सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय व अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष कर समाज में धर्म की स्थापना की और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक है। नाहन में भी भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**त्रिलोक कपूर**

प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने राज्य सरकार पर पालमपुर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाया है। पालमपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा क्षेत्र की जनता से किए गए वायदे अभी भी अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस विधायक जल्दबाजी में योजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं।

**प्रदर्शन**

चंबा ज़िले में पठानकोट–भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग की खस्ताहालत को लेकर भाजपा ने आज राख क्षेत्र में रोष रैली निकाली और चक्का जाम किया। भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली में भाजपा ने सरकार की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सड़क की दयनीय हालत के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है लेकिन राज्य सरकार इस दिशा में उदासीन बनी हुई हैं। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सड़क के रखरखाव के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवा रही है लेकिन राज्य सरकार इसका सही उपयोग नहीं कर रही है।

**धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि सरकार प्रदेश को ग्रीन एनर्जी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयास कर रही है। वे बिलासपुर जिले के राजकीय हाईड्रोइंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंन बंदला कॉलेज में स्थापित 10 किलोवॉट क्षमता के सोलर इंक्यूबेशन केन्द्र सहित चिकित्सा शिविर का भी शुभारंभ किया।

**चारधाम यात्रा**

यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ आज से उत्तराखंड में वार्षिक चार–धाम यात्रा की शुरुआत हो गई है। गंगोत्री मंदिर के भीतर देवी गंगा की प्रतिमा और यमुनोत्री मंदिर परिसर में यमुना की प्रतिमा पूरे रीति–रिवाज़ के साथ स्थापित की गई। मंदिरों को फूलों से सुंदर तरीके से सजाया गया है और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इस बीच, केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे। कल शाम तक इस यात्रा के लिए 18 लाख 90 हजार तीर्थ यात्रियों का पंजीकरण किया जा चुका है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- **केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने विपक्ष पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के पीछे लगाया राजनीतिक स्वार्थ का आरोप।**
- **सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए जारी किए दिशा–निर्देश।**
- **उपमुख्यमंत्री ने डलहौजी में 96 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।**
- **लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पंचायत चुनाव में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर योग्य प्रतिनिधि चुनने का किया आहवान।**
- 

—————————————

**19.04.2026 / 19:45बजे / रितेश / सुरेश / राजेश / रजनी**

**डायरिया.........**

धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में डायरिया के मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। बीते एक सप्ताह में क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में डायरिया के करीब 35 मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया से बचाव के लिए लोगों से एहतियात बरतने को कहा है। क्षेत्रीय अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर अनुराधा शर्मा ने पानी उबाल कर पीने की सलाह दी है।

.......................बाईट अनुराधा शर्मा 31'.......................

प्रैसनोट /

**19.04.2026 / 19:45बजे / रितेश / सुरेश / राजेश / रजनी**
**नशाखोरी..............**

कांगड़ा जिले के शाहपुर में एंटी चिट्टा वॉकथन के आयोजन को लेकर आज महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में विधायक व उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि पूरे राज्य में चिट्टे के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है और शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में भी नशे के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि शाहपुर में जल्द ही एंटी चिट्टा वॉकथन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

प्रैसनोट /

**19.04.2026 / 19:45बजे / रितेश / सुरेश / राजेश / रजनी**
**सीबीएसई..............**

मंडी जिले में सरकारी सीबीएसई स्कूलों के प्रति विद्यार्थियों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। राज्य सरकार ने पहले चरण में जिले के 23 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई का दर्जा दिया है। अभी तक जिले में 12 हजार से अधिक बच्चे सीबीएसई स्कूलों की विभिन्न कक्षाओं में दाखिला ले चुके है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार बीते 16 अप्रैल तक इन स्कूलों में 12 हजार 83 बच्चों ने प्रवेश लिया है। प्रवेश प्रक्रिया विलंब शुल्क के साथ 30 अप्रैल तक जारी रहेगी।

प्रैसनोट /

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं शाम 7 बजकर 45 मिनट पर नमस्कार।

ताजा समाचारों के लिए आप हमारे फेसबुक पेज ऑल इंडिया रेडियो न्यूज़ शिमला, एक्स हैंडल एट द रेट ए.आई.आर. न्यूज़ अंडर स्कोर शिमला और यू टयूब चैनल ए. आई. आर. शिमला न्यूज़ को फॉलो कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचार आकाशवाणी की डीटीएच सेवा और मोबाइल ऐप न्यूज़ ऑन एआईआर पर भी सुने जा सकते हैं।